# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
## देहरादून–248008

पत्रांकः– 153 /गोपन/2026–27

दिनांकः 14 अगस्त, 2026

**विज्ञप्ति**

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 78/उ0अ0से0च0आ0/2026 दिनांक 15 जून, 2026 के अंतर्गत विज्ञापित **कनिष्ठ सहायक, आशुलिपिक ग्रेड–1/वैयक्तिक सहायक (सिविल न्यायालय एवं कुटुम्ब न्यायालय)** के पदों हेतु विज्ञप्ति संख्या 100/गोपन/2026–27 दिनांक 25 जून, 2026 के अनुसार लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 23 अगस्त, 2026 को प्रस्तावित की गयी है। कई अभ्यर्थियों द्वारा आयोग को प्रेषित प्रत्यावेदनों के माध्यम से अवगत कराया गया है कि दिनांक 23 अगस्त, 2026 को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा **प्रवक्ता (रसायन शास्त्र)** की लिखित परीक्षा का भी आयोजन किया जा रहा है, जिस कारण उन अभ्यर्थियों द्वारा दोनों परीक्षाओं में प्रतिभाग किया जाना संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त मौसम विभाग द्वारा भी परीक्षा तिथि व परीक्षा तिथि से पूर्व के दिवसों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है।

अतः अभ्यर्थियों से प्राप्त प्रत्यावेदनों एवं मौसम विभाग द्वारा जारी भारी वर्षा के अलर्ट के मध्यनजर आयोग द्वारा दिनांक **23 अगस्त, 2026** को आयोजित की जाने वाली पदनाम–कनिष्ठ सहायक, आशुलिपिक ग्रेड–1/वैयक्तिक सहायक (सिविल न्यायालय एवं कुटुम्ब न्यायालय) की लिखित परीक्षा स्थगित की जाती है। उक्त परीक्षा की नवीनतम संशोधित तिथि शीघ्र आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी। सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे समय–समय पर आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

–ह0–
(एन0 एस0 डुंगरियाल)
सचिव।

पृ0सं0 153 /गोपन/2026–27 तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
01. जिलाधिकारी, समस्त जनपद उत्तराखण्ड।
02. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद, उत्तराखण्ड।
03. श्री नीरज कुमार/नोडल अधिकारी, मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल।

(सुभाष चन्द्र घिल्डियाल)
प्र0 अनुसचिव।